हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025



06 जमीन विवाद को लेकर बेटों ने की मां की कुल्हाड़ी ...



07 बारिश में नटेरन-विदिशा के गांवों में सोयाबीन...





## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2701
उच्चतम भाव-3250
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2440
उच्चतम भाव- 2800
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2510
उच्चतम भाव- 2550
चना
न्यूनतम भाव-4560
उच्चतम भाव-5675
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6800
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव- 3172
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4431
सरसों
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-6553
तुअर
न्यूनतम भाव-3730
उच्चतम भाव-4800
धान
न्यूनतम भाव-1701
उच्चतम भाव- 2801
उड़द
न्यूनतम भाव-4401
उच्चतम भाव-6640
मक्का
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव- 1400

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 11970 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## घटना के बाद में गांव में भय का माहौल व्याप्त, पुलिस बल तैनात

# जमीन विवाद को लेकर बेटों ने की मां की कुल्हाड़ी मारकर नृशंस हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





त्योंदा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम सुनेठी में कलयुगी पुत्रों ने जमीनी विवाद में अपनी 72 वर्षीय बूढ़ी मां की कुल्हाड़ी मारकर नृशंस हत्या कर दी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम सुनेटी में मनबाई पत्नि स्वर्गीय रामसिंह कुर्मी उम्र 75 वर्ष के पांच पुत्र रमेश प्रसाद कुर्मी, महाराज सिंह, रामप्रसाद, भारत सिंह, बलवंत सिंह हैं। मृतिका मनबाई अपने छोटे बेटे बलवंत कुर्मी के साथ रहती थीं। बलवंत 15 बीघा जमीन पर खेती करता था। जो बलवंत के नाम पर दर्ज थी। इस जमीन को लेकर मनबाई के अन्य पुत्रों को आपत्ति थी। जिसके कारण परिवार में विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते बीती रात करीब 1 से डेढ बजे के बीच महाराज सिंह और रामप्रसाद अपने अपने पुत्रों के साथ बलवंत सिंह के घर में घुस गये। जहां दहलान में एक पलंग पर मनबाई कुर्मी और साथ में दूसरे पलंग पर बलवंत का पुत्र आयुष अगल-बगल सो रहे थे। आरोपियों ने कुल्हाड़ी से सोती हुई मनबाई के सिर पर वार किया एवं अन्य ने आयुष के दोनों पैरों पर कुल्हाडी से हमला कर दिया। जिससे बच्चे की बचाओ बचाओ आवाज सुनकर उसका भाई अरूण और पिता बलवंत सिंह साथ में उसकी पत्नि संगीता बचाने के लिये बाहर आए तब तक आरोपी गाली गलौच करते हुए एवं धमकाते हुए भाग गये। घटना के बाद बलवंत अपने भाई भारत सिंह के घर गया और सारी घटना बताई और फिर दोनों भाई दोनों घायलों को इलाज के लिए रात्रि 2 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र त्योंदा लेकर आए। जहां डाक्टरों ने मनबाई को मृत घोषित कर दिया एवं आयुष को प्राथमिक उपचार देकर उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च उपचार के लिए जिला चिकित्सालय विदिशा रेफर कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर त्योंदा थाना प्रभारी बवीता सिंह चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और घटना के बारे में बारीकि से निरीक्षण कर पूछताछ की। साथ ही आरोपियों की भी तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में भारी पुलिस बल तैनात है, पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है तथा मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई जारी है। उधर सूचना के बाद एसडीओपी शिखा भलावी ने भी घटना स्थल पहुंचकर जांच पडताल की और ग्रामीणों से पूछताछ की। थाना प्रभारी को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

## दूसरे दिन भी इलाके भर में चला बारिश का दौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को दूसरे दिन भी नगर सहित ग्रामीण अंचलों में पहले जोरदार और फिर देर शाम तक रिमझिम बारिश हुई। इस बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। ज्ञात हो कि वर्तमान में सोयाबीन की फसल पककर तैयार हो चुकी है और किसान तेजी से फसल कटाई कर रहे हैं। समय पर कटाई पूरी करने के लिए किसान हार्वेस्टर और रीपर मशीन का भी उपयोग कर रहे हैं। लेकिन रविवार को हुई बारिश से कटाई का काम रुक गया है। किसानो का कहना है कि रिमझिम बारिश शुरू होने से कटाई का काम रोक दिया गया , वहीं किसानों की फसल कटाई के बाद थ्रेसिंग के लिए खेत में ही रखी हुई है। इस बारिश से सोयाबीन की फसल गीली हो गई है, जिससे अब फसल सूखने में समय लगेगा और थ्रेसिंग का काम भी देरी से हो सकेगा। फसल के गीले हो जाने से सोयाबीन का दाना कमजोर हो जाता है, साथ ही उसमें मिट्टी के दाग आ जाते हैं, जिससे मंडी में भाव कम मिलता है। वहीं बिना बोवनी वाले खेतों एवं हाल ही में बखरे खेतों में इस बारिश से पलेवा हो गया है।

## उत्साह से मनाया गया शरद पूर्णिमा पर्व



गंजबासौदा। सोमवार को शरदपूर्णिमा पर्व इलाके भर में उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। सोमवार को महिलाओं द्वारा व्रत रखकर शरद पूर्णिमा मनाई गई। वहीं समीपस्थ ग्राम डायला में भी शरद पूर्णिमा का पारंपरिक महोत्सव मनाया गया। जहां मध्य रात्रि को भगवान की विशेष पूजन अर्चन के बाद प्रसादी के रूप में खीर एवं विशाल बताशे का वितरण किया गया। इस मौके पर गांव में मेला लगा रहा। इसके अलावा अन्य मंदिरों में भी शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाते हुए खीर का भोग लगाया गया और श्रद्धालुओं को खीर का वितरण किया गया।

पौराणिक मान्यता के अनुसार आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा शरद पूर्णिमा कहलाती है। मान्यता है कि आश्विन मास की पूर्णिमा को भगवती महालक्ष्मी रात्रि में यह देखने के लिए निकलती हैं कि कौन जाग रहा है जो जाग रहा है उसे धन देती हैं। अर्धरात्रि के समय गौ दूध से बनी खीर का भगवान को भोग लगाना चाहिए। खीर से भरे पात्र को रात में खुली चांदनी में रखना चाहिए। इसमें रात्रि के समय चंद्र किरणों के द्वारा अमृत गिरता है। पूर्ण चंद्रमा के मध्याकाश में स्थित होने पर उसका पूजन कर अर्घ्य प्रदान करना चाहिए। इस दिन भगवान विष्णु देवी लक्ष्मी एवं तुलसी जी का पूजन किया जाता है। इसी कारण इलाके भर में शरद पूर्णिमा उत्साह के साथ मनाई गई। ग्राम डायला में परंपरानुसार महोत्सव मनाया गया और विधिवत पूजन के बाद प्रसादी वितरण हुआ। इसके अलावा नगर लगभग सभी प्रमुख मंदिरों, क्षेत्र के अन्य मंदिरों में मध्य रात्रि भगवान की पूजन अर्चन के बाद खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

### आज विद्युत प्रदाय रहेगा बंद

गंजबासौदा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बताया गया कि मंगलवार को राजेन्द्र नगर फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके कारण उक्त क्षेत्र में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

### प्रगतिशील पेंशनर एसोसिएशन की बैठक कल

गंजबासौदा। प्रगतिशील पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर दुबे द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर एक दिन की हड़ताल दिनांक 8.10.2025 को अंबेडकर पार्क भोपाल में आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे।

## राज्य स्तर के लिए तीन छात्रों का चयन



गंजबासौदा। सैण्ट एसआरएस स्कूल के तीन छात्रों का राज्य स्तरीय शालेय बालरंग एवं ताइक्वांडों प्रतियोगिता में चयन हुआ है। गत वर्ष के नेशनल ताइक्वांडों खिलाड़ी सक्षम जाटव ताइक्वांडों प्रतियोगिता एवं बालरंग प्रश्नमंच जूनियर वर्ग में राशि राजपूत एवं प्रद्युम्न पाराशर का संभाग स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि सक्षम जाटव कक्षा 11 का विद्यार्थी है और पिछले साल भी ताइक्वांडों की प्रतियोगिता का नेशनल खिलाड़ी रह चुका है। इस साल आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उसके बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए उसका चयन राज्य स्तर के लिए किया गया है। आगामी 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक देवास जिला मुख्यालय पर राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडों प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने सक्षम रवाना होगा। इसी तरह भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय बालरंग प्रतियोगिता में राशि राजपूत और प्रदुम्न पाराशर ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य स्तर के लिए चयन पक्का किया है।

## शिक्षा के साथ कम्प्यूटर शिक्षा आवश्यकः तृप्ति तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कम्प्यूटर शिक्षा आज के दौर मे अत्यंत आवश्यक है यदि प्राथमिक स्तर से छात्र पढाई के साथ कम्प्यूटर मन लगाकर सीखे तो भविष्य मे उन्हे अनेक लाभ होंगे। शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के छात्रो को कम्प्यूटर सिखाते हुए शिक्षक तृप्ति तिवारी ने छात्रों को समझाते हुए बताया कि यह ऑनलाइन शिक्षा, ज्ञान बढाने का महत्वपूर्ण माध्यम है नौकरी, कैरियर, व्यवसाय करने और व्यक्तिगत जीवन में कम्प्यूटर शिक्षा बहुत आवश्यक है। कालापठार के छात्र, छात्राओं को एक अच्छी शाला मिली है। विद्यालय के शाला प्रभारी प्रथ्वीसिंह रघुवंशी ने कम्प्यूटर के साथ प्राइवेट शालाओं से अच्छी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई हैं। आप शिक्षा के साथ कम्प्यूटर मे प्रारम्भ मे ही निपुण हो जायेगे तो आपको भविष्य में इसका बहुत लाभ मिलेगा। इस मौके पर लालू प्रसाद लोधी, गोपाल दास अहिरवार, रानी रघुवंशी, गंगा सेन, ओमवती लोधी, आरती अहिरवार, कंचन अहिरवार सहित अनेक छात्र, छात्राएं मौजूद थीं।

## खबर संक्षेप

### असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़



गंजबासौदा। बरेठ रोड पर बीजासन मंदिर के पास असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर गाली गलोंज करते हुए तोड़ फोड़ कर दी। फरियादिया उर्मिला ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शाम के समय वार्ड के श्रीराम और विक्की ने घर के सामने आकर मेरे बेटे शैलेन्द्र के साथ गाली, गलौंज की। जब मैने विरोध किया तो विक्की ने धक्का मुक्की कर दी और उन्होंने गाली गलौंच करते हुए सामान की तोडफोड कर डाली। इस दौरान मेरे पति रामकिशोर ने आकर बीच बचाव किया। जिसके बाद श्रीराम और विक्की जान से मारने की धमकी देकर गए। पुलिस ने फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115 (2), 351(3), 2(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

## खाद्य विभाग ने की मावा, मिठाई की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के पालन में खाद्य सुरक्षा विभाग निरीक्षण दल के द्वारा नगर में संचालित मिठाई एवं मावा विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर निरीक्षण कर नमूना लेने की कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान गांधी चौक, बरेठ रोड, तिरंगा चौक स्थित मिठाई एवं मावा विक्रेताओं की दुकानों पर जांच की गई तथा शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विक्रय की जा रही मावा एवं मावा के लड्डूओं के नमूने लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे। कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी किरण श्रीवास्तव द्वारा की गई।

## एक दिवसीय जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सोमवार को विश्व सेरेब्रल पाल्सी एवं मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रदीप चौरसिया द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। मस्तिष्क पक्षाघात एवं मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षकों को इस दिवस पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र भोपाल जो कि केंद्र सरकार के सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। वहां के विशेषज्ञ पूनम सचदेव व्याख्याता व्यवसाय चिकित्सा, डॉ. पूनम सिंह व्याख्याता चिकित्सा मनोविज्ञान एवं नित्यानंद समल कृत्रिम अंग विशेषज्ञ द्वारा विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। समल द्वारा सेरेब्रल पाल्सी में उपयोग आने वाले कृत्रिम अंग एवं सहायक अंग सहायक उपकरण दिए जाने बाबत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगता में पुनर्वास एवं शासकीय योजना से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर बीईओ परता अहिरवार, प्रभारी प्राचार्य प्रदीप चौरसिया, समीक्षा जैन, भावना अग्रवाल, आकांक्षा रिछारिया, कीर्ति उपाध्याय, एस के जैन, प्रशांत श्रीवास्तव, रितेश देशमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश ओझा एवं आभार समीक्षा जैन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में लगभग 120 विद्यार्थी एवं 40 शिक्षक उपस्थित रहे। चौरसिया द्वारा बताया गया कि भविष्य में और भी इस तरह के एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मावा बाजार में मावा की खरीदारी के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

# शरद पूर्णिमा पर 300 से 500 रुपए किलो तक बिका मावा





सिरोंज। शरद पूर्णिमा पर सोमवार को महिलाएं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु को मावा के लड्डुओं को भोग लगाया। तो वही शरद पूर्णिमा के चलते मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की गई। पर्व के चलते मावा बाजार में मावा खरीदने के लिए लोगो की भीड़ रही। मावा के दामों में भी भारी उछाल देखने को मिली। तो वही रविवार को 300 से 500 रूपये तक मावा बिका। वहीं बाजार में दिनभर खरीदारी करने के लिए कपड़ा दुकानों सहित अन्य दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही।

**मावा मण्डी में रही भारी भीड -** रविवार को प्रातः से ही कठाली बाजार मावा मंडी में मावा खरीदने के लिए लोगों की भारी भीड़ नजर आई। वहीं दोपहिया वाहन मुख्य सडक किनारे खडे होने से बार-बार जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। जिसकी जानकारी लगते ही यातायात प्रभारी रीतेश बघेला ने तत्काल मौके पर जवानों को भेजा और सडक पर अव्यवस्थित खडे वाहनों को हटवाया गया। इसके अलावा ट्राफिक पुलिस ने मुख्य बाजार में खडे होने वाले सब्जी व फल के ठेले भी हटवाए। जिन्हे ढाल बाजार पर ही खडे रहने की हिदायत दी गईं। उल्लेखनीय है सब्जी-फल के ठेले मुख्य सराफा बाजार में खडे होने से दिनभर ट्राफिक की स्थिति निर्मित होती है। जिससे दोपहिया व चार पहिया वाहनो को निकालने के लिए घंटो तक मशक्कत करनी पडती है।

**शरद पूर्णिमा को इसलिए बढती है खपत -** रविवार को शरद पूर्णिमा का महोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालु महिलाएं भगवान श्री सत्यनारायण को प्रसन्न करने के लिए मावे का भोग लगाती हैं। पंडित राजेन्द्र प्रसाद के मुताबिक प्रति श्रद्धालु को तीन पाव मावा (750 ग्राम) की आवश्यकता होती है। इस मावा से सात लड्डू बनाए जाते हैं, जिनका ठाकुर जी को भोग लगाकर एक भाग श्रद्धालु महिलाएं स्वयं ग्रहण करती हैं, जबकि दूसरा भाग पति, तीसरा गर्भवती महिला, चौथा सखी, पांचवा पुरोहित, छठवां ग्वाल और सातवां हिस्सा सास को प्रदान किया जाता है।

**पृथ्वी पर भ्रमण करने आतीं है माता लक्ष्मीः** धर्मशास्त्रीय मान्यता में शरदपूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन माता लक्ष्मी का भ्रमण पृथ्वी लोक पर रहता है। माता लक्ष्मी इंद्रदेव के साथ यह देखने आती हैं कि कौन रात्रि जागरण कर मेरी उपासना कर रहा है। जो भक्त रात्रि जागरण कर देवी लक्ष्मी की उपासन करता दिखाई देता हैं,माता लक्ष्मी उस पर सदैव कृपा करती हैं। अर्थात शरद पूर्णिमा पर रात्रि पर्याप्त जागरण कर माता लक्ष्मी और इंद्र के वैदिक मंत्रो से पूजन करना चाहिए। नगर में शरद पूर्णिमा पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। पर्व के चलते महिलाओं ने व्रत धारण कर शुभ मुहूर्त पर घर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर अपने पतियों की लंबी उम्र व संतानों की प्राप्ति के लिए कामना की। साथ ही मावे से बने लड्डुओं का भगवान को भोग लगाकर उनका ही आहार किया। व्रत में मान्यता अनुसार महिलाओं ने तीन पाव मावे से लड्डु बनाएं और भगवान सत्यनारायण की पूजा की। पूजन अर्चना के बाद महिलाओं ने मंदिरों में जाकर भगवान को लड्डू का प्रसाद चड़ाया।

## एक माह तक चलेगा धर्म-संस्कृति का महापर्व, भागवत कथा सहित अनेक कार्यक्रम होंगे

# आज से प्रारंभ होगा भव्य कार्तिक महोत्सव



सिरोंज। धार्मिक नगरी सिरोंज में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 अक्टूबर से 5 नवंबर तक पावन कार्तिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री कार्तिक महोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस एक माह के महापर्व में श्रीमद् भागवत कथा, संकीर्तन यात्रा, हरि-हर मिलन उत्सव और तुलसी विवाहोत्सव जैसे प्रमुख धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।

**कार्तिक स्नान से होगा शुभारंभ -** महोत्सव का शुभारंभ आज प्रातःकाल नगर के प्रमुख घाटों पर कार्तिक स्नान से होगा। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार, दीपदान और सामूहिक आरती का आयोजन किया जाएगा। समिति के अनुसार, प्रथम दिवस से ही नगर में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो जाएगा।

**23 से 29 अक्टूबर तक भागवत कथा -** महोत्सव का मुख्य आकर्षण सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा होगी, जो 23 से 29 अक्टूबर तक श्री सीताराम मंदिर प्रांगण में आयोजित की जाएगी। कथा में श्रीकृष्ण भक्ति और जीवन मूल्यों पर विस्तृत प्रवचन होंगे। वही 31 अक्टूबर शुक्रवार को प्रातः 08:00 बजे आंवला (अक्षय) नवमी को नगर परिक्रमा रहेगी जो की प्राचीन कार्तिक घाट से प्रारंभ होगी। मध्याह्न वटैया की वावड़ी पर होगा एवं अक्षय नवमी की कथा का वाचन होगा। तत्पश्चात परिक्रमा पुनः प्रारंभ होकर प्राचीन कार्तिक घाट पर ही परिक्रमा पूर्ण होगी। तो वही 4 नवंबर मंगलवार को सायं 05 बजे श्री शीतला माता मंदिर पचकुईयां भगवान श्री महामृत्युंजय महादेव की पालकी विमान यात्रा निकाली जावेगी और महोत्सव का समापन 5 नवंबर गुरुवार को तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव के साथ होगा। दोपहर 1 बजे से श्री शीतला माता मंदिर परिसर में यह पावन विवाह संपन्न होगा। इस अवसर पर महिलाएं पारंपरिक मंगल गीत गाते हुए विवाह की सभी रस्में निभाएंगी।

श्री कार्तिक महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। जिसमे पंडित नालंनीकांत शर्मा ने बताया की कार्तिक महोत्सव हमारे नगर की पहचान है। यह उत्सव न केवल धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाता है, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का दीप भी प्रज्वलित करता है। उन्होंने कहा कि महोत्सव की सफलता के लिए सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री का दौरा आज कार्यक्रम ग्राम क्योंटा में



**विदिशा।** प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज विदिशा जिले के प्रवास दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री मंगलवार सुबह 9 बजे भोपाल से ग्यारसपुर के ग्राम क्योटा के लिए रवाना होंगे। सुबह 11 बजे ग्राम क्योंटा आगमन और यहां दुग्ध संमृद्धि सम्पर्क अभियान अंतर्गत पशुपालकों, पार्टी कार्यकर्ता तथा आमजनों से मुलाकात कर दोपहर 11.30 बजे ग्राम क्योटा से दमोह जिले के लिए रवाना होंगे।

### कलेक्टर के निर्देश पर रास्ते का विवाद सुलझा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में शमशाबाद तहसील के ग्राम बीलाढाना में रास्ता विवाद संबंधी शिकायत का क्षेत्र के तहसीलदार डॉ दर्शनलाल नेगी ने मौके पर पहुंचकर रास्ता विवाद का समाधान कराते हुए पंचनामा तैयार कराया गया और दोनों पक्षो को सहमत कराया गया है। जनसुनवाई कार्यक्रम में अनेक आवेदन रास्ता विवाद के प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने तहसीलदारों को इस प्रकार के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

### आईआईएम इंदौर के सदस्य भ्रमण करने आए

**विदिशा।** आईआईएम इंदौर के 25 सदस्यों का दल विदिशा जिले के प्रवास पर आया हैं। उक्त दल 10 अक्टूबर तक भ्रमण कर ग्राम पंचायतों में शैक्षणिक सहूलियतों को बढ़ाने अपने उपायों को सांझा करेगा। आईआईएम के 25सदस्यीय दल ने सोमवार को जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया से मुलाकात की। जिले में प्रवास के दौरान संपादित किए जाने वाले कार्यों, भ्रमण अवलोकन की बिन्दुओं से अवगत कराया गया है। आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक संजय चैरसिया ने बताया कि दल के सदस्यों को जिले की ग्राम पंचायतों में शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। इसके पश्चात प्लान की जानकारी दी जाएगी और ग्यारसपुर जनपद पंचायत में आवासीय भ्रमण कर जानकारियां सांझा की जाएगी। सभी दल के सदस्यों को ग्राम पंचायत रंगई, हांसुआ एवं ग्यारसपुर में प्रतिभागियों से चर्चा की।

### धान कटाई यंत्रों की आवश्यकता

**विदिशा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि विदिशा जिले में धान कटाई के लिए आवश्यक यंत्रों की पूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। धान का कुल रकवा 92028 के लिए कटाई हेतु कुल 520 यंत्रों की आवश्यकता है। जिसमें से 256 यंत्र उपलब्ध है शेष 94 यंत्र की आवश्यकता की पूर्ति की जाएगी। विभिन्न माध्यमों से अनुमानित कटाई के लिए 24848 रीपर, 30369 मजदूरी तथा हार्वेस्टर में से रीपर 233, हार्वेस्टर 23 उपलब्ध है। आवश्यक यंत्रों की पूर्ति जिले में सुनिश्चित कराई जा रही है। इसके लिए कृषकों द्वारा डीबीटी पोर्टल पर 110 सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर के पंजीयन किये जा चुके है कृषकों के द्वारा डीबीटी पोर्टल पर 29 मल्चर, शेरडर के पंजीयन किये जा चुके हैं। कृषकों के द्वारा डीबीटी पोर्टल पर 131 रोटावेटर, रोटो कल्टीवेटर के पंजीयन किये जा चुके है। कस्टम हायरिंग सेंटर के लिये स्मार्ट सीडर, हैप्पी सीडर अनिवार्यतः किया गया है। कृषकों के द्वारा डीबीटी पोर्टल पर 5 बेलर के पंजीयन किए जा चुके हैं।

### जिले के 913 ग्रामों में धान की फसल

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के संयुक्त समन्वय से नरवाई प्रबंधन के कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता से क्रियान्वित किया जा रहा है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि जिले के 913 ग्रामों में धान की फसल किसानों द्वारा ली जा रही है। धान का रकवा कुल 92028 हेक्टेयर है जिसमें रोपा द्वारा 61100 हेक्टेयर में तथा सीधी बुवाई 30928 हेक्टेयर में की गई है। उप संचालक ने बताया कि गत वर्ष पराली जलाने वाले गांवों की कुल संख्या 158 है। इन गांवों में किसानों से विभिन्न स्तरों पर संवाद किया जा रहा है।

---

# हामिदपुर में पुजारी परिवार पर हमले के विरोध में ब्राह्मण समाज ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, आरोपियों पर कार्रवाई व पीड़ित परिवार की सुरक्षा की मांग

**ग्वालियर हाईकोर्ट ने पहले ही पुजारी को मंदिर में पूजा-अर्चना का अधिकार दिया था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

त्योंदा तहसील क्षेत्र के हामिद्पुर गांव में मंदिर के पुजारी पं. हरिलाल शर्मा और उनके परिवार पर हुए हमले के विरोध में सोमवार को विदिशा में ब्राह्मण सामज ने कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया। एकजुट हुए सामजजनों ने आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग की है। घटना 2 अक्टूबर की है। गांव के कुछ दबंगों ने मंदिर की जमीन पर कब्जा करने के इरादे से पुजारी और उनके परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में पुजारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका भोपाल में इलाज चल रहा है। हमले को लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश है।

समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्वालियर हाईकोर्ट ने पहले ही पुजारी को मंदिर में पूजा-अर्चना का अधिकार दिया था।



विदिशा। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए समाजजन।

### प्रशासन को दिया 3 दिन का अल्टीमेटम

प्रशासन ने पीड़ित परिवार को मंदिर का कब्जा उन्हें सौंपा था। इसके बावजूद, असामाजिक तत्व लगातार उन्हें परेशान कर रहे थे, जिसके बाद यह हमला हुआ। पुजारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो ब्राह्मण समाज सहित हिंदू समाज आंदोलन करेगा। समाज ने पुजारी परिवार को तत्काल सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की है। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी रघुवीर शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुजारियों पर अत्याचार और मंदिरों की जमीन पर कब्जे की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

### जमीन पर कब्जा करने की नीयत से हमला

ब्राह्मण समाज ने प्रशासन की गंभीरता पर सवाल उठाते हुए ऐसे मामलों में ठोस कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। युवा ब्राह्मण विकास परिषद के संजय पुरोहित ने भी इस बात पर जोर दिया कि हमीदपुर में पुजारी परिवार पर हमला मंदिर की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से ही किया गया था। उन्होंने मांग की कि आरोपियों पर गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन के दौरान युवा ब्राह्मण विकास परिषद, मध्य प्रदेश प्रांतीय पुजारी महासभा एवं सकल हिंदू समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञापन में पुजारी परिवार को मंदिर की चाबी सौंपकर सुरक्षा प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या अन्य समाज के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

---

*अचानक से बदले मौसम के बाद हुई बारिश ने कई किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी*

# बारिश में नटेरन-विदिशा के गांवों में सोयाबीन के खेत हुए लबालब, कटी पड़ी उपज हुई तरबतर

***रविवार को दोपहर से शाम तक हुई तेज बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। कई किसानों के खेतों में सोयाबीन की फसल पककर तैयार खड़ी थी, लेकिन तेज बारिश होने के कारण किसानों की उम्मीदें भीग गईं। वहीं मुडरा से नौलास गांव के बीच कुछ किसानों के खेतों में सोयाबीन की कटाई चल रही थी। तेज बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया और कटी पड़ी फसल तरबतर हो गई।***

**हलाली बांध के 3 गेट खोले, बांध और बेतवा नदी के किनारों से दूर रहने की अपील।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सोमवार को हुई बारिश ने कई किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। दोपहर में तेज और शाम तक हुई हल्की बारिश से कई किसानों के खेतों में पानी भर गया।

हालांकि यह बारिश धान के किसानों के लिए तो फायदेमंद रहीं। लेकिन कुछ किसानों के खेतों में पानी भर जाने के कारण कटी सोयाबीन की फसल पानी से तरबतर हो गई। विदिशा और नटेरन तहसील के गांवों के किसानों ने सोयाबीन की कटाई शुरू करा दी थी। खेतों में सोयाबीन सूख रहा था की अचानक से सोमवार दोपहर घने बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। भोपाल और आसपास के क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के बाद विदिशा का हलाली बांध एक बार फिर फुल हो गया है। बांध का जलस्तर नियंत्रित करने के लिए इसके गेट खोल दिए गए हैं। जल संसाधन विभाग ने बांध के कुल पांच गेटों में से तीन गेट खोले हैं। प्रत्येक गेट को एक मीटर तक खोला गया है, जिससे 268 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

सम्राट अशोक सागर (हलाली डैम) में लगातार पानी की आवक होने से बांध का जलस्तर बढ़ गया था। इसी कारण सुरक्षा और जलस्तर बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। सम्राट अशोक सागर संभाग-2 के कार्यपालन यंत्री राजकुमार पंडौले ने सुरक्षा को देखते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने लोगों से हलाली, बेस और बेतवा नदी के किनारों से दूर रहने की अपील की है। नदी के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है। बांध का जलस्तर 95% हो जाने पर गेटों को बंद कर दिया जाएगा। इधर बारिश होने से धान के किसानों को फायदा हुआ है। विगत दिनों भी जब किसानों को धान की पौध में पानी की जरुरत थी तब भी तेज बारिश होने से किसानों को लाभ मिल गया था। इस बार धान की अच्छी पैदावार की उम्मीद है।

#### नटेरन में अधिक बारिश

सोमवार को सर्वाधिक वर्षा नटेरन तहसील में 43 और सबसे कम लटेरी तहसील में 1.2 मिमी दर्ज हुई हैं इसके अलावा विदिशा में 38 मिमी, बासौदा में 5.6 मिमी, कुरवाई में 3.8 मिमी, सिरोंज में 35 मिमी, ग्यारसपुर में 26 मिमी, गुलाबगंज में 15 मिमी एवं पठारी तहसील में 14 मिमी वर्षा दर्ज की गई हैं। शमशाबाद तहसील में बारिश नहीं हुई।



विदिशा। सोमवार को हुई बारिश के कारण मूडरा और नौलास गांव के बीच खेतों में पानी भर जाने से किसानों की सोयाबीन की फसल डूब गई।

#### एक दिन में 18.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

विदिशा जिले में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश की जानकारी देते हुए अधीक्षक भू-अभिलेख सविता पटेल ने बताया कि जिले की तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रो पर सोमवार छह अक्टूबर की सुबह 8 बजे 18.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गौरतलब हो कि विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 1150.6 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि गतवर्ष उक्त अवधि में 1128.9 मिमी हुई थी।

---

### आदिवासी समाज ने दो महीने से अपने बच्चों को नहीं भेजा आंगनबाड़ी



**गुलाबगंज।** गांव गुलाबगंज पंचायत के आदिवासी समाज ने अपने बच्चों को दो माह से आंगनबाड़ी केंद्र भेजना बंद कर दिया है। जिसका कारण आदिवासी बस्ती से आंगनबाड़ी केंद्र तक सड़क निर्माण न होना है और कच्चे रास्ते में कीचड़ ओर गड्डे होने से बच्चे गिरने से पहले भी चोटिल हो चुके हैं। दुर्घटना के कारण अभिभावकों ने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजना बंद कर दिया। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन के पास परिसर में ही बना हुआ है और पंचायत भवन के बाएं तरफ ही 300 मीटर पर आदिवासी मोहल्ला है। आज तक जो कच्ची पगडंडी थी वो ज्यों की त्यों है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हम लोग कई साल से मोहल्ले से आंगनबाड़ी केंद्र तक सड़क निर्माण कि मांग करते हुए आ रहे हैं लेकिन सड़क के नाम पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया गया। जब हमें ज्ञात हुआ कि हमारे मोहल्ले से मुख्य मार्ग तक पांच लाख रुपए की लागत से सीसी नाली के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हुई थी और बिना कोई काम कराए पंचायत से राशि भी निकाल ली गई है तब से अब तक ग्रामीण चार बार कलेक्टर के पास पंचायत में व्याप्त अनियमितताओं की जांच कराने के लिए शिकायती लेकर जा चुके हैं। लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। अब हम धरना प्रदर्शन करेंगे।

---

## सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के पंजीयन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मप्र शासन द्वारा सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना प्रारंभ की गई है। जिसके पंजीयन जिले में 17 अक्टूबर तक किए जाएंगे।

किसानों से अपील की गई है कि पंजीयन की निशुल्क व्यवस्था जैसे स्वयं के मोबाइल एमपी किसान एप के माध्यम से, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर की गई है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं विपणन सहकारी संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी जिले में 85 सहकारी समितियों एवं विपणन सहकारी समितियों विदिशा ग्रामीण 10, विदिशा नगर 2, गुलाबगंज 4, ग्यारसपुर 4, बासौदा 8, त्योंदा 5, नटेरन 7, शमशाबाद 7, सिरोंज 18, कुरवाई 10 , पठारी 3 एवं लटेरी में 7 पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन किए जा रहे हैं। जिले में अभी तक विदिशा 273, विदिशा नगर 26, ग्यारसपुर 218, गुलाबगंज 333, बासौदा 715, त्योदा 403, नटेरन 392, शमशाबाद 265, सिरोंज 918, कुरवाई 713, पठारी 293 एवं लटेरी 426 किसानों के भावांतर पंजीयन हो चुके हैं।

**सशुल्क यहां कराएं पंजीयनः** पंजीयन की सशुल्क 50 रुपए के साथ जैसे एमपी ऑनलाइन, कियोस्क, लोक सेवा केन्द्रों एवं कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर भी किए जा सकते हैं। कृषक भाई अपनी उपज का पंजीयन कराने से पहले आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर को लिंक आवश्यक रूप से करा लें। अधिक जानकारी हेतु कंट्रोल रूम दूरभाष क्रमांक 07592-233153 रहेगा । किसानों से अपील है कि सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना का लाभ लेने के लिये अधिक से अधिक पंजीयन कराएं।

### चोरी का आरोपी धराया सोने के आभूषण बरामद

**विदिशा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीब 20 दिन पहले पूरनपुरा में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। निकिता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर से सोने का हार और सोने की झुमकी चोरी हो गई थीं। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी सुखबीर यादव निवासी शमशाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से सोने का हार और सोने की झुमकी बरामद की गई हैं। जिसकी कीमत लगभग 3 लाख 20 हजार बताई जा रही है। सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## स्कूल छात्रों ने किया कला और विज्ञान का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सेंटमैरी हायर सेकेंडरी स्कूल में कला एवं विज्ञान की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

सेंटमैरी हायर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी से कक्षा 4 तक के बच्चों द्वारा कला एवं विज्ञान की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।संस्था डायरेक्टर फादर सीजो ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों के द्वारा यह प्रदर्शनी वाकई काबिले तारीफ है उन्होंने अपनी क्षमता से अधिक दिमाग का प्रयोग करके मॉडल तैयार करें हैं विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल समाज को प्रेरणा देते हैं कि किस तरह हम घर में पड़ी बेकार चीजों का उपयोग करके उनको उपयोगी बना सकते हैं। प्रिंसिपल सिस्टर टेरेसा ने बच्चों की प्रदर्शनी की सराहना की एवं उन्हें भविष्य का वैज्ञानिक बताया।



स्कूल में लगाई गई इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग और नवाचार प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल चार्ट और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए जिनमें पर्यावरण संरक्षण सौर ऊर्जा जल शुद्धिकरण, अंतरिक्ष विज्ञान और पुनर्चक्रण कला जैसे विषय प्रमुख रहे। कला अनुभाग में विद्यार्थियों ने पेंटिंग, क्राफ्ट, वेस्ट मटेरियल से बनी वस्तुएं और पोस्टर प्रदर्शित किए।

## सड़कों में गड्ढों के कारण एक ही दिन में 2 जगह हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सड़कों में गड्ढों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। वाहन चालकों का गिरना तो आम बात हो गई है। अब बारिश के कारण गड्ढे इतने बड़े और गहरे हो गए हैं कि वाहन और ठेले भी पलटने लगे हैं। सोमवार को अस्पताल रोड़ पर सब्जी से भरा एक ठेला पलट गया। और पूरी सब्जियां सड़क पर फैल गईं तो वहीं दूसरा हादसा अहमदपुर बायपास पर हुआ। जहां एक लोडिंग ऑटो गड्ढे के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे वाहन चालक को काफी नुकसान हुआ है। शहर की सड़कों पर उभरे गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं।



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जयपाल यादव पुत्र श्री बदनसिंह यादव निवासी ग्राम करमेडी तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार डी.सी.बी. बैंक लिमिटेड शाखा गंजबासौदा जिला विदिशा, म.प्र. से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के स्वामित्व आधिपत्य के प्लॉट पटवारी हल्का नं. 42 आराजी क्रमांक 80/3/27/1/1 स्थित ग्राम वहलोट तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफीट और चतुसीमाएँ इस प्रकार हैं पूर्व में- गली 10 फिट,पश्चिम में- गली 15 फिट, उत्तर में- भूमि जितेन्द्र माथुर, दक्षिण में- गौरा बाई व पूरनलाल का मकान है उक्त प्लॉट श्री जयपाल यादव द्वारा विक्रय पत्र ई रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 03-02-2020 जिसका ई- रजिस्टेशन नं MP452742020A1087453 से विक्रेता श्री कमलसिंह सुमन पुत्र श्री पूरनलाल सुमन निवासी ग्राम वहलोट तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. क्रय किया था इससे पूर्व श्री कमलसिंह सुमन पुत्र श्री पूरनलाल सुमन निवासी ग्राम बहलोट तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. द्वारा उक्त प्लॉट पूर्व विक्रेता श्रीमति किरण बाई पत्नि कमलसिंह सुमन निवासी ग्राम वहलोट तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. से विक्रय पत्र ई- रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 11-07-2018 जिसका ई रजिस्टेशन नं MP452742018A1494749 से क्रय किया गया था इससे पूर्व श्रीमति किरण बाई पत्नि कमलसिंह सुमन निवासी ग्राम वहलोट तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. द्वारा पूर्व विक्रेता जितेन्द्र माथुर पुत्र श्री गिरजा प्रसाद माथुर निवासी वार्ड नं. 07 ग्राम वहलोट तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. से विक्रय पत्र ई- रजिस्टर्ड दिनांक 23-11-2016 जिसका ई- रजिस्टेशन नं MP452742016A1631953 से क्रय किया गया था उक्त प्लॉट के वर्तमान स्वामी श्री जयपाल यादव पुत्र श्री बदनसिंह यादव निवासी ग्राम करमेडी तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार डी.सी.बी. बैंक लिमिटेड शाखा गंजबासौदा जिला विदिशा, म.प्र. से उक्त प्लॉट पर लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त प्लॉट की लिंक रजिस्टर सेलडीड दिनांक 23-11-2016 जिसका ई-रजिस्टेशन नं MP452742016A1631953 है कही खो गई है उक्त लिंक रजिस्टर सेलडीड किसी व्यक्ति को मिली हो या बंधक आदि या किसी प्रकार का कोई हक उक्त प्लॉट पर हो या किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित सेकण्ड फलोर, गोपाल कॉम्प्लेक्स, जिला न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार डी.सी.बी. बैंक लिमिटेड शाखा गंजबासौदा जिला विदिशा, म.प्र. उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी ।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
गोपाल कॉम्प्लेक्स, सेकण्ड फलोर,
जिला न्यायालय के सामने, राजीवनगर,
विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. Mob. 9685965100

---

**लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश**

# पत्रों का जवाब समय सीमा में दें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को सचेत करते हुए कहा है कि वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले पत्रों का जबाव समय सीमा में भिजवाना सुनिश्चित करें। भेजे गए जवाबों का फालोअप भी प्राप्त करें।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के अलावा जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनो के निराकरणों पर विभागवार क्या-क्या कार्यवाही की गई कि जानकारियां प्राप्त की गई है। उन्होंने कहा कि हरेक आवेदन के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है। उन कारणो को रेखांकित करते हुए विभागाध्यक्ष को भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।





विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर।

कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान जिले में क्रियान्वित विभिन्न अभियानों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया है। उन्होंने नरवाई प्रबंधन का अधिक से अधिक संदेश किसानो तक पहुंचे इसके लिए सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि कृषि व राजस्व के ग्राम स्तरीय अमले को जबावदेंही सौंपी जाए ताकि पराली की नरवाई जिले में जलाई न जाए। उन्होंने पिछले साल जिन 158 गांव में नरवाई जलाई गई थी वहां विशेष तौर पर जागरूकता शिविरों के माध्यम से किसानों को जागरुक करने के लिए कहा है। इसके लिए हर रोज पांच-पांच गांव में केम्प आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर के द्वारा दिए गए हैं। इन शिविरों में उप संचालक कृषि को भी शामिल होंने निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने विदिशा जिले में क्रियान्वित दुग्ध समृद्धि अभियान के कार्यो का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिले के ऐसे पशुपालक जो अभियान के मापदंडों को पूरा कर रहे हैं उन सभी के पास केसीसी कार्ड अनिवार्य रूप से हो यदि अभी तक केसीसी कार्ड नहीं है तो शीघ्र ही जारी कराए जाएं।

### फसल कटाई प्रयोग अपनी उपस्थिति में कराएं अधिकारी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान फसल कटाई प्रयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि तहसीलदार व एसडीएम को निर्धारित प्रतिशत लक्ष्यों के अनुसार फसल कटाई का प्रयोग अपनी उपस्थिति में कराना सुनिश्चित करें। आदेश के परिपालन में सोयाबीन फसल कटाई प्रयोग के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु राजस्व अधिकारियों के द्वारा खेतो में पहुंचकर अपनी उपस्थिति में फसल कटाई का प्रयोग कर आनावारी की जानकारी प्राप्त की जा रही है। नटेरन तहसीलदार आनंद जैन ने अपनी उपस्थिति में ग्राम मूडरा पीताम्बर में पहुंचकर फसल कटाई प्रयोग की प्रक्रिया कराई है।

## मेडिकल स्टोरों पर बिक रही प्रतिबंधित दवाईयां, ड्रग इंस्पेक्टर नदारत

# छिंदवाड़ा में 9 और बैतूल 2 मासूमों की मौतों के बाद भी नहीं चेता स्वास्थ्य विभाग

अमानक सीरप पिलाने से छिंदवाड़ा में 9 और बैतूल जिले 2 मासूमों की मौतों के बाद भी जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की नींद नहीं खुली है। रायसेन सहित जिलेभर में मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित दवाईयां एवं कफ सीरप धड़ल्ले से बिक रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

छिंदवाड़ा और बैतूल में कफ सीरप से 11 बच्चों की मौत के बाद भी जिले में स्वास्थ्य अमला नहीं चेता है। यहां पर मेडिकल स्टोरों पर अब भी बिना डॉक्टर पर्चे के लोगों को कफ सीरप धड़ल्ले से बेंचे जा रहे हैं, तो कई जगहों पर डॉक्टरों द्वारा लिखे गए सीरप की जगह दूसरी कंपनी के सीरप पकड़ाए जा रहे हैं, जो कि प्रतिबंधित हैं।

सोमवार को हरिभूमि टीम ने इस मामले में 13 मेडिकल स्टोर को चेक किया तो यह लापरवाही दिखाई दी। छिंदवाड़ा में 9, बैतूल जिले में 2 बच्चों की मौत का कारण कफ सीरप बताया जा रहा है। जांच में यह पाया गया कि कफ सीरप पिलाने से बच्चों की किडनी फेल होकर मौत हुई है।

बच्चों के बीमार होने पर लोग मेडिकल स्टोर पर जाकर सीधे दवाएं लेते दिखाई दिए। इसमें सर्दी, जुकाम और बुखार की दवाएं प्रमुख थी। मौसम के बाद अधिकांश लोग जुकाम से कफ जमने की शिकायत कर दवाएं ले रहे थे। ऐसे में यहां पर भी मेडिकल संचालक अपने मन मुताबिक कंपनी की दवाएं दे रहे थे।




### डॉक्टरों की अभिभावकों को सलाह



डॉ आलोक राय
शिशु रोग विशेषज्ञ

दो साल के बच्चों को सर्दी, खांसी की कोई भी दवा न दें। चार साल के बच्चों को एमटीसी ग्रुप की प्रतिबंधित दवाईया देने से बचें, 2 से 6 साल के बच्चों को घर में रखी कोई भी पुरानी दवाई नहीं देनी है तथा अपने मन से मेडिकल स्टोर से खरीदी हुई दवाई भी देना खतरे का खाली नहीं हैं। बच्चें में अगर बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं तो शिशु रोग विशेषज्ञ को तुरंत दिखाकर परामर्श लिया जा सकता है। पुराने पर्चे की दवाई भी अपने मन से नहीं खरीदें, क्योंकि 4 अगस्त से कई दवाईयों को सरकार द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### ड्रग इंस्पेक्टर की जांच सिर्फ औपचारिकता

जिले में संचालन मेडिकल स्टोर की जांच के लिए शासन ने आदेश दिए थे, लेकिन जिले में ड्रग इंस्पेक्टर की टीम का मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित रहा। कफ सिरप की सही तरीके से जांच करना भी उन्होंने मुनासिब नहीं समझा, जबकि अधिकांश मेडिकल स्टोरों पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाई गई दवाईयां धड़ल्ले से बेची जा रही हैं।

मेडिकल स्टोर संचालक ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक टीम आई थी सिर्फ उन्होंने फार्मासिस्ट लाइसेंस आदि दस्तावेज देखकर चली गई। ऐसी स्थिति में रायसेन शहर के अभिभावकों को भी ऐसे सीरप खरीदने से पूर्व शिशुरोग स्पेशलिस्ट से परामर्श के बिना मासूमों को ना पिलाने की अपील की जा रही है।

### जागरूक हों

दवाओं को लेने के लिए लोगों को भी जागरूक होना चाहिए। जिले में बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने का बड़ा चलन है। यहां पर लोग मेडिकल पर जाकर खुराक मांगते है। बच्चों के मामले में यह लापरवाही गंभीर हो सकती है। बच्चों के लिए इस प्रकार से दवाएं न दी जाए। बच्चों के मामले में शिशु रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर इलाज कराएं। इसके लिए फार्मासिस्ट एसोसिएशन से बात कर इस पर रोक लगाने का प्रयास किया जाएगा।

**- डॉ. एचएन मांडरे,** सीएमएचओ, रायसेन।

### तमिलनाडु सरकार की जांच में हुआ खुलासा

**11 बच्चों की मौत वाले कफ सिरप में 48 फीसदी जहर**

◆ प्रोडक्शन बैन, एमपी सरकार कह रही- कफ सिरप से मौत नहीं

छिंदवाड़ा में 9 बच्चों और बैतूल जिले में 2 मासूमों की मौत की वजह बताए जा रहे कफ सिरप में जहरीले केमिकल की मिलावट है। तमिलनाडु सरकार ने इसकी पुष्टि कर दी है। तमिलनाडु के ड्रग डिपार्टमेंट के अधिकारियों की जांच में श्रीसन कंपनी की कांचीपुरम यूनिट में हुई जांच में खुलासा हुआ है कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप में 48.6 प्रतिशत डाईथाइलीन ग्लॉयकाल की मिलावट है यह एक जहरीला केमिकल है। तमिलनाडु सरकार ने इसके बाद सिरप के प्रोडक्शन और सेल पर प्रतिबंध लगा दिया है।

हम आपको यह बता दें कि कोलड्रिफ कफ सिरप की वजह से मप्र के छिंदवाड़ा के परासिया ब्लॉक के 9 बच्चों और बैतूल जिले में दो बच्चों की मौत हो गई। इसके अलावा कई बच्चों का इलाज चल रहा है। इधर, मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि 12 दवाइयों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। तीन दवाइयों की जांच रिपोर्ट में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिले।

# अत्याधिक बारिश से बिगड़ी बारना की नहरों की सेहत

## किसानों ने नहरों की मरम्मत सुधार की मांग



◆ नहरें क्षतिग्रस्त, भरी मिट्टी रेत, ऊग आई घास

◆ वर्षो से नहीं हुए जल उपभोक्ता संस्था चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बाड़ी स्थित बारना डेम की बाड़ी, बरेली, सीहोर जिले के बक्तरा क्षेत्र और उदयपुरा तहसील के ग्रामों तक सैकड़ों किमी नहरें, उप नहरें फैली हुई है। पिछले वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष डेढ़ गुना बारिश हुई। बारिश के दौर में भी मवेशी चारा, घास की तलाश में बिना रोक टोक नहरों पर विचरण करते रहे।

नहरों की हालत अत्याधिक क्षतिग्रस्त होने के साथ नहरों में मिट्टी रेत का भराव, बारिश के कारण घास कचरा और झाड़ियां उग आई है। किसानों द्वारा नहरों की व्यापक स्तर पर साफ सफाई, मरम्मत कराने की मांग की जा रही है।

महेश्वर के किसान मारूति द्विवेदी ने बताया कि बारना नहरों में स्थान-स्थान पर मिट्टी रेत भरने के साथ कचरा उग आया है, नहरों में पानी का बहाव ठीक रहें, नहरों की मरम्मत सुधार जरूरी है।

### *वर्षो से नहीं हुए जल उपभोक्ता संस्थाओं के चुनाव*

*लगभग एक दशक होने जा रहे है, सिंचाई विभाग एवं बारना परियोजना में बनी जल उपभोक्ता संस्थाओं के चुनाव ही नहीं हुए है। किसानों की सिंचाई एवं जल उपभोग में जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से लगभग 5 हजार एकड पर एक किसानों का जल उपभोक्ता संस्था गठन किया गया था। बारना परियोजना में 2 दर्जन से अधिक जल उपभोक्ता संस्थाएं है,जिनके वर्षो से चुनाव न होने के कारण नहरों, उप नहरों की सुरक्षा, मरम्मत, साफ सफाई इत्यादि की जिम्मेदारी बारना परियोजना के उपयंत्रियों, एसडीओ पर बनी हुई है।*

### *बारना परियोजना में मैदानी अमले की बनी है कमी*

*बाड़ी, बरेली तहसीलों एवं सीहोर जिले के बक्तरा क्षेत्र के हजारों किसानों की सम्पन्नता खुशहाली और वर्ष में तीन फसलों के भरपूर उत्पादन के मुख्य आधार बारना परियोजना सिंचाई है। बारना परियोजना में लम्बे समय से मैदानी अमले, नहर के चौकीदार, उप यंत्रियों, पटवारियों, अमीनों की कमी बनी हुई है। बारना की नहरों की हालत दिनों दिन खराब होने से टेल क्षेत्र के ग्रामों, खेतों तक बमुश्किल पानी पहुंच पाता है।*

## खबर संक्षेप

### आरएसएस का शरद पूर्णिमा कार्यक्रम आज

**बरेली।** आरएसएस का शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो गया है। स्थान स्थान पर पथ संचलन निकाले जाने के साथ नयें लोगो को आरएसएस से जोडने घर-घर संपर्क अभियान भी चल रहा है। संघ द्वारा वर्ष भर में 6 प्रमुख त्योहार उत्सव मनाता है। शरद पूर्णिमा उत्सव मनानें की संघ के स्वंय सेवकों द्वारा तैयारियां की जा रही है। 7 अक्टूबर की रात्रि में आरएसएस के स्वंयसेवकों ने श्री रामलीला मैदान में शरद पूर्णिमा कार्यक्रम मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा उत्सव पर खीर कर वितरण किया जाएगा।

### हार्टिकल्चर कलस्टर के लिए कर सकते हैं आवेदन

**रायसेन।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा हार्टिकल्चर कलस्टर विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य बागवानी उत्पादों के उत्पादन, गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन एवं विपणन को प्रोत्साहित कर कृषकों की आय में वृद्धि करना है। सहायक संचालक उद्यानिकी ने बताया कि विकास कार्यक्रम के तहत मल्टी कमोडीटी हाई-वैल्यू कलस्टर एवं पैरी अर्बन कलस्टर की पहचान तथा विकास किए जाने का प्रावधान किया है। योजना के अंतर्गत मुख्य उद्यानिकी फसलों जैसे टमाटर, प्याज, आलू, पत्तागोभी, फूलगोभी, भिंडी, बैगन, कद्दू वर्गीय, नीबू वर्गीय, लहसुन, को चयनित किया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहा. संचालक उद्यान में संपर्क कर सकते है।

# करंट से एक युवक की मौत के बाद नींद से जागा नगर प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर के वार्ड क्रमांक 13 डॉक्टर हेडगेवार कॉलोनी में गत दिवस रुद्र प्रताप सिंह उर्फ छोटू की मौत करंट लगने से हो गई थी। इस घटना में एक उसका साथी हनी घायल हो गया था जिसका उपचार अभी चल रहा है।

इस घटना में नगर प्रशासन की लापरवाही सामने आई बिजली विभाग की लापरवाही एवं नगर परिषद के कुछ जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही के कारण यह घटना घटित हुई घटना के बाद कॉलोनी वासियों में रोष व्याप्त है। घटना में स्ट्रीट लाइट का खुला तार जो मकान की छत से निकला है से छोटू को करंट लगा था यह दर्दनाक हादसा होने के बाद लोगों में भय का माहौल है कॉलोनी के लोग खुले तारों को हटाने की मांग कर रहे हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के जेई मनीष श्रीवास्तव एवं नगर परिषद के अध्यक्ष पप्पू रेवाराम पार्षद प्रतिनिधि सुनील जैन एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी आज सोमवार को मौके पर पहुंचे कुछ बिजली के खुले तार जो आगे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं उन्हें हटाने व दूसरे बिजली पोल पर शिफ्ट करने चर्चा की। इसके लिए एक पोल खेल ग्राउंड में लगाया जा रहा है, जिसमें स्ट्रीट लाइट के खुले तार को डायवर्ट करते हुए लगाया जाएगा। वहीं खतरे के तार खुले पड़े हैं उन्हें भी शीघ्र दुरुस्त किया जाएगा।



# ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों तक बिजली कटौती, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के उपभोक्ता बिजली की अघोषित कटौती से खासे परेशान हैं। बिजली उपभोक्ताओं को शासन द्वारा जारी किए निर्देश के मुताबिक बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समय उमस व गर्मी जहां लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है, वहीं बिजली की कटौती से लोग त्रस्त हैं।

सरकार जिस हिसाब से बिजली सप्लाई का दावा करती है उस हिसाब से बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली की अघोषित कटौती से कस्बो की पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। आटा चक्की बंद होने से लोगों में काफी रोष व्याप्त है।



क्षेत्र के दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बरजोरपुर, नरखेड़ा, सरार, कायमपुर, कुल्हाड़िया, संग्रामपुर, मुस्काबाद, सत्ती, बांसिया, काली टोर, पिपरई, मुनारा, खेड़ा, टपरा, बरजोर पुर, जमुनिया, नीनोद आदि दो दर्जनों से अधिक गांवों में दिन में कई बार बिजली आती जाती है। आए दिन हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण त्रस्त हो चुके हैं।

विद्युत कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है, बिजली कब आती है और कब चली जाए इसका भरोसा नहीं है। लोगों ने कई बार मांग की है कि विद्युत कटौती का समय निर्धारित किया जाए, लेकिन आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

बिजली की कटौती को लेकर जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों की अनदेखी चिंता का बिषय है क्योंकि बिजली की किल्लत के साथ-साथ पीने के पानी की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है और लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। विद्युत उपभोक्ताओं ने मांग की है कि शीघ्र ही बिजली कटौती का समय निर्धारित किया जाए। जिससे लोगों को इस परेशानी से छुटकारा मिल सके। एक महीने से लगातार दिन में कई बार बिजली कटौती की जा रही है जिससे ग्रामीणों का धंधा चौपट हो रहा है।

# सेवा भारती ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

◆ संस्कारों से शिक्षा की ज्योति जलाई : गुरनानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सेवा भारती समिति द्वारा नगर में वृहद मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें जिले के 120 संस्कार केंद्रों के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी गिरीश गुरनानी, डॉ श्रीमती किरण शेजवार (सेवा भारती मध्य भारत प्रांत की प्रांतीय उपाध्यक्ष) राजेश भार्गव (विदिशा विभाग समन्वयक) कमलेश तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि गिरीश गुरनानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भूसे में से सुई ढूंढना असंभव माना जाता है। लेकिन सेवा भारती ने यह असंभव कार्य संभव कर दिखाया है। समाज की वंचित और शोषित बस्तियों के उन बच्चों को, जो मानो भूसे में छिपी सुई की तरह अनदेखे रह जाते हैं। सेवा भारती ने संस्कारों से शिक्षा से जोड़कर मेधावी विद्यार्थी बनाया है। अभाव के बीच भी बच्चों में आत्मविश्वास और नैतिकता का दीप प्रज्वलित करने का कार्य सेवा भारती ने किया है।



### बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में संस्कार केंद्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सेवा भारती जिला समिति के सचिव बीएस किरार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा, नारायण कुशवाहा, बद्रामी पटेल, प्रताप पटेल, जिला पूर्णकालिक कार्यकर्ता रंजीत सिंह, अवध नारायण सक्सेना, मोहन ठाकुर, जितेंद्र शर्मा, संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं तथा अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शरद पूर्णिमा की रात में सोलह कलाओं से पूर्ण होता है चंद्रमा

## मां लक्ष्मी जी ने किया घर-घर विचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को अश्विनी शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा का त्यौहार श्रद्धालुओं द्वारा परंपरागत तरीके से सोमवार को श्रद्धाभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया।

### ऐसे की व्रत की पूजा

पूर्णिमा के दिन प्रातः काल आराध्य देव को सुंदर वस्त्र व आभूषणों से सुशोभित कर षोडशोपचार से पूजन आरती की। अर्धरात्रि के समय गोदुग्ध से बनी खीर का भगवान को भोग लगाया। साबूदाने की खीर से भरे पात्र को रात्रि में खुली चांदनी में रखा।



# पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में किया पुण्य स्नान

## मंदिरों में शरद पूर्णिमा पर सजावट, खीर की प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शरद पूर्णिमा का सनातनी परिवारों को इंतजार बना रहता है। सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं द्वारा क्षेत्र के नर्मदा तटों पर पहुंच कर नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाई गई। संपूर्ण क्षेत्र में हुई बारिश के कारण नर्मदा मैया सहित नदी नालों का जल स्तर बढ़ा हुआ है।

नगर के मंदिरों में शरद पूर्णिमा पर भगवान के साथ मंदिरों की विशेष सजावट की गई। दिन ढलनें शाम का अंधेरा होते ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गयज्ञ। शरद पूर्णिमा पर महिलाओं द्वारा विशेष वृत रख कर भगवान की पूजन की जाती है। मावा से बने लड्डुओं का विशेष भोग लगाया जाता है। शरद पूर्णिमा पर मावा की मांग अधिक होने से भाव तीन-साढे तीन सौ रू. किलों तक हो गए।

रात्रि में भगवान चन्द्रमा के दर्शन, प्राकृतिक सुन्दरता का नजारा देखने लोग सक्रिय बने रहें। खीर की विशेष प्रसादी का मंदिरों में वितरण किया गया।



### भजन कार्यक्रम हुए

नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर की शरदोत्सव पर विशेष सजावट कर श्री राधा कृष्ण का विशेष श्रंगार के साथ भव्य आकर्षक झांकी सजाई गई। शरदोत्सव पर मंदिर में भजनों के संगीतमय कार्यक्रम चलते रहे।

## अतिथियों ने गोंड समाज से एकता और शिक्षा का संदेश दिया

# वीरांगना रानी दुर्गावती की धूमधाम से मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गोंडवाना साम्राज्य की महान वीरांगना रानी दुर्गावती मडावी की जयंती समारोह धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम झामर से मुंआर ग्राम तक विशाल रैली निकाली गई। भारी बारिश के बावजूद भी रैली का संचालन उत्साह पूर्वक चलता रहा, और जैसे ही वर्षा थमी, कार्यक्रम का मुख्य आयोजन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गोंडी भुमका देवदास उइके, प्रदेश कोयापुनेम प्रचारक भुमका प्रकोष्ठ गोंड समाज महासभा द्वारा पेनअर्जी कर गोंडी सतरंगी ध्वज स्थापित करने से हुई। इसके बाद श्रद्धांजलि देकर रानी दुर्गावती को नमन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों के बलिदानों को याद रखते हुए उनके सिद्धांतों का अनुकरण करना चाहिए। आज समाज में हमारी भाषा, संस्कृति और पहचान धीरे-धीरे खोती जा रही है, इसलिए इन्हें सहेजना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा हमारे अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है, ऐसे में हमें एक मजबूत नेतृत्व तैयार करना होगा। जब तक हमारी बोली, पहनावा और संस्कृति जीवित है, तब तक हमारी पहचान भी जीवित रहेगी।

हमें अपनी जड़ों को पहचानना होगा, बेहतर शिक्षा हासिल करनी होगी, और एक शराब मुक्त, संगठित समाज बनाना होगा। तभी हमारा देश, हमारा राज्य का सपना साकार होगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्हें फड़ाफेन प्रतीक चिन्ह, गोंडी गमछा एवं हल्दी, चावल प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया।



### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नीलमणि शाह देवरी जागीर, जीएस मर्सकोले भोपाल, डॉ. अंजना सिंह मर्सकोले प्रदेश उपाध्यक्ष, गोंड समाज महासभा, राकेश उइके जिला सदस्य प्रतिनिधि, धर्मदास इमने जनपद सदस्य, सुनील उइके जिला अध्यक्ष गोंड समाज महासभा, प्रह्लाद सिंह उइके सागर संभागीय अध्यक्ष, हनमत सिंह परते जिला अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ, ललित धुर्वे जिला उपाध्यक्ष, संतोष उइके प्रदेश सचिव, युवा प्रकोष्ठ, मोहान मरकाम, गजराज सिंह ठाकुर, आशाराम भल्लावी, भगवत उइके चंदपुरा, रामकृष्ण पुर्ते, रामबाबू पुर्ते, अखिलेश ककोडिया, अनिल ककोडिया, बब्लू ककोडिया, संदेश इमने, अजमेर ककोडिया, नंदकिशोर, वाके बिहारी उइके, प्रह्लाद पूसाम, आमने सिंह मरदानपुर सहित बड़ी संख्या में गोंडवाना समाज के सदस्य उपस्थित रहे।